सार-समाचार

प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा

सवाई माधोपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गुरुवार, 3 जुलाई को सवाई माधोपुर जिले के खंडार उपखंड का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसी क्रम में खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जिला कलक्टर कानाराम एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने खंडार उपखंड की बालेर ग्राम पंचायत में कार्यक्रम स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालेर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैठने, पार्किंग एवं अन्य समस्त तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर संचालित होगा, जिसमें संबंधित 15 विभागों की योजनाओं से जुड़ी स्टॉल लगाकर आमजन को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार कस्वा, उपखंड अधिकारी सीमा खेतान, तहसीलदार पुष्कर सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता हरिसिंह मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बी.एल. मीणा, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

74 बंदरों को पाली घाट छोड़ा

सवाई माधोपुर, (निसं)। सवाईमाधोपुर नगर परिषद ने अभियान चलाकर मंगलवार को 74 बंदरों को पकड़ कर पाली घाट छोड़ा। दो दिन पूर्व ही यह खबर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को नगर परिषद का प्रशासन जागा। पुरे जिला मुख्यालय क्षेत्र में बंदरो ने आतंक मचा रखा है जो की लोगो के लिए बहुत बड़ी समस्या बनी हुई थीं बंदरो के आतंक से श्रेत्र के लोगो का घर से निकलना, छत पर जाना एक मुसीबत बना हुआ था। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि मंगलवार को मानटाउन क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी ऑफिस, आकाशवाणी एवं अन्यत्र स्थानों से 34 बंदर एवं आलनपुर क्षेत्र में कृषि उपज मंडी से 40 बंदरों को पिंजरे लगाकर पकड़ा गया। बंदरों को पाली घाट के आसपास आबादी से दूरदराज इलाकों में छोड़ा गया है बाकि बंदरो को भी आने वाले दिनो में पकड़ा जा सकेगा। आयुक्त ने बताया कि आमजन की शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान नगर परिषद के अन्य चिन्हित क्षेत्रों में भी सतत रूप से जारी रहेगा, जिससे नागरिकों को बंदरों के आतंक से शीघ्र राहत मिल सके।

भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

करौली, (निसं)। संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकली गई। संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर संस्थान द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें व्यास पीठ भागवत आचार्य मुरारी मुद्गल एवं मुख्य यजमान श्रीमती कुसुम लता एवं जगदीश प्रसाद तिवारी रहे। पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि कलश यात्रा गोमती कॉलोनी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्री सर्किल, सिटी पार्क के सामने होते हुए पुरानी कलेक्टर सर्किल, एसपी ऑफिस के सामने होते हुए गोमती आश्रम पर पहुची। जिसमें 201 कलश महिलाओं द्वारा शोभायात्रा में उठाए गए।शोभायात्रा मे संत गोमती दास के चित्रपट को रथ पर लगाकर निकाला गया तथा संत गोमती दास के जय कारे निरंतर गूंजते रहे।

18 वर्षों से चल रहा विवाद सुलझाया

करौली, (निसं)। ग्राम पंचायत करीरी में बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लोगों के आवेदन लेकर मौके पर ही समस्या का समाधान किया गया। शिविर में सबसे अधिक खाद्य सुरक्षा के फॉर्म कतार लगी रही। शिविर प्रभारी तहसीलदार सीमा गुर्जर के द्वारा 20 किसानों को भूमि मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया गया किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के द्वारा 18 नामांतरण खोले गये, एक सीमा ज्ञान किया गया, शिविर में 18 वर्षों से चला आ रहा विवाद का बंटवारा किया गया, पंचायत समिति कनिष्ठ अभियन्ता शिवदयाल मीना, ठाम पंचायत विकास अधिकारी कृपाल मीणा एलडीसी धर्मेंद्र राजपूत, 3 जन्म प्रमाण पत्र 3 मृत्यु प्रमाण पत्र 1 विवाह प्रमाण पत्र संशोधन 15 जॉब कार्ड बनाए गए पशुपालन विभाग से बृजमोहन मीणा के द्वारा मिनिरल पाउडर, 200 टीकाकरण किया गया। पशुओं के पेट में कीड़े की दवा वितरण की गई चिकित्सा विभाग से डॉ अशोक गुर्जर, कल्पना शर्मा, दयाराम मीणा के द्वारा आवश्यकता अनुसार मरीज को दवा वितरण की गई।

शोभित पाराशर जिला अध्यक्ष नियुक्त

करौली, (निसं)। करौली निवासी शोभित पारा'ार को द ईगल फाउण्डे'ान का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।फाउण्डेंशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि करौली शहर के चटीकना मोहल्ला निवासी शोभित पारा'ार पुत्र रामनिवास पाराशर के समाज के प्रति समर्पण भाव, संगठन के प्रति झुकाव को देखते हुए सामाजिक संगठन द ईगल फाउण्डेशन का करौली जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उन्होने बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कि सहमति से कि गई है और 31 दिसंबर तक वैध मानी जायेगी शीघ्र ही अपनी कार्यकारणी का विस्तार कर प्रदेश संगठन को अवगत कराये।

भगवान जगन्नाथ की निकली रथयात्रा

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में बासन गेट स्थित प्राचीन मंदिर भगवान श्री जगन्नाथ के तत्वावधान में शहर में निकली भगवान श्री जगन्नाथ, बलभ्रद एवं बहन सुभद्रा की रथयात्रा का स्वागत सत्कार किया गया।प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल ने बताया कि बडा बाजार में भक्तगणों एवं रथ पर विराजमान भगवान के श्री विठाह का पुष्पवर्षा, ठंडा पेय पदार्थ, पुष्पहार से भावभीना स्वागत कर आरती की गई। इस मौके पर विनोद सिंघल, आलोक बंसल, पूर्वपार्षद कन्हैयालाल, अशोक अरोडा आदि मौजूद रहे।

कृषक कल्याण फीस बढ़ाने का विरोध, मण्डी बंद

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के आव्हान पर व्यापार मण्डल के तत्वाधान में अनाज मंडी में व्यापारियों ने बुधवार को हडताल कर दी। व्यापारी राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण फीस बढाए जाने का विरोध कर रहे हैं। मंडी में 5 जुलाई तक कारोबार बंद रहेगा। पहले ही दिन 5 करोड रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद और महामंत्री विष्णु डंगायच ने बताया कि सरकार कृषि जिन्सों पर कृषक कल्याण फीस 0.50 प्रतिशत से बढाकर 2 प्रतिशत कर रही है। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद मेठी ने कहा कि यह फीस न तो मंडी के कार्यों में उपयोग होती है और न ही किसानों को इसका सीधा लाभ मिलता है। व्यापारियों का कहना है कि इस फीस से व्यापारियों, किसानों और उद्योगों पर अतिरिक्त बोझ पड रहा है। व्यापारी यह फीस उपभोक्ताओं से वसूलते हैं। इससे वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। दूसरे राज्यों से माल खरीदने पर भी मंडी सेस जमा कराना पडता है। राज्य सरकार उस पर दोबारा मंडी सेस और कृषक कल्याण फीस लगाती है। व्यापारियों ने मोटे अनाज पर आडत 2.25 प्रतिशत करने की मांग की है। साथ ही सभी कृषि जिन्सों पर एक प्रतिशत मंडी सेस लगाने की मांग रखी है। व्यापारियों का कहना है कि बढी हुई फीस से कई उद्योग बंद हो रहे हैं और व्यापार दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो रहा है। व्यापारियों ने पहले भी राज्य सरकार को 56 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई मांग पूरी नहीं हुई। इसी कारण बुधवार से गंगापुर सिटी की अनाज मंडी में कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह बंद 5 जुलाई तक जारी रहेगा। व्यापारियों ने मंडी सचिव ममता गुप्ता को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर यह जानकारी दी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोविंदप्रसाद, महामंत्री विष्णु डंगायच, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार महासंघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद मेठी, उपाध्यक्ष बाबूलाल, पूर्व महामंत्री लक्ष्मीनारायण गोयल, मंत्री तुलसीराम गर्ग, राजीव जिंदल आदि मौजूद रहे।

■ पहले ही दिन 5 करोड़ का कारोबार प्रभावित

गंगापुर सिटी में मण्डी सचिव को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

अंत्योदय संबल अभियान में मिला आवासीय पट्टा

भरतपुर,(निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में रामकली पत्नि रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

ग्राम पंचायत इटामडा निवासी रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर में पहुंची।

कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया। रामकली ने मौके पर ही योजना से लाभान्वित किये जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

अंत्योदय संबल अभियान में रामकली को आवासीय पट्टा सौंपा।

डॉक्टर व सीए का किया सम्मान

भरतपुर, (निस)। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा लायंस इंटरनेशनल प्रांत की निर्धारित गतिविधि के अनुरूप डॉक्टर एवं सीए डे का कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग के मुख्य अतिथि में मनाया गया। विशिष्ट अतिथि जॉन चेयरपर्सन मंजू गुप्ता रहीं।

कार्यक्रम में शहर के खयाति प्राप्त एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट तथा उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान किया गया। क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने बताया कि सम्मान समारोह में डॉ रविंद्र कुंतल, डॉ अजित सिंह, डॉ मोनू सिंह, डॉ युवराज अरोड़ा, डॉ स्मिता अरोड़ा, डॉ पवन शर्मा, डॉ लोकेश शर्मा, डॉ कुसुम शर्मा, डॉ कपिल देव चौधरी, डॉ रूबी चौधरी, डॉ अंकुर गुप्ता, डॉ नेहा गर्ग, डॉ रोहित सिंह, डॉ प्रीति सिंह, डॉ सुशील गोस्वामी, डॉ रोहित भारतीय, डॉ लोकेंद्र सिंह डागुर एवं सीए संजय गुप्ता का सम्मान किया गया।क्लब अध्यक्ष बीएम गुप्ता ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं क्लब मेंबर्स का स्वागत किया।

सार-समाचार

होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

भरतपुर, (निसं)। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धित के जनक डॉ. सैम्युएल हैनीमैन की पुण्यतिथि के अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक वेलफेयर ट्रस्ट, भरतपुर द्वारा एक निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जवाहर नगर, भरतपुर में प्रातः 8 से 10 बजे तक सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुन्तल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य डॉ. हैनीमैन के चिकित्सा दर्शन सेवा के माध्यम से मानवता की भलाई को साकार करना था। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा होम्योपैथिक विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श एवं दवाएँ प्राप्त कीं। शिविर में विशेष रूप से महिला एवं बालिका स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही जीवनशैली और रोग-प्रतिरक्षा को बेहतर बनाने के विषय पर परामर्श भी दिया गया। ट्रस्ट के महासचिव डॉ चिराग गुप्ता ने बताया कि होम्योपैथी केवल एक चिकित्सा पद्धित नहीं, बल्कि एक सेवा भाव है। यह शिविर डॉ. हैनीमैन को हमारी श्रद्धांजलि है ,एक संकल्प कि चिकित्सा केवल इलाज नहीं, सेवा का माध्यम हो। शिविर संयोजक डॉ अनुराग मंगल एवं डॉ अंकुर सिंह रहे। जिन्होंने बालिकाओं के लिये दवा वितरण का प्रबंधन किया। फेरम फोस दवाई का वितरण निःशुल्क रहा। शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह,ट्रस्ट के मार्गदर्शक डॉ सुरेंद्र सिंह नरवरिया,डॉ एम वी सिंह रघुवंशी,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरीश कुमारअध्यापिका हेमलता मोरवाल एवं अध्यापक सौरभ मुख्यतः उपस्थित रहे ।

जवाहर नवोदय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)।जवाहर नवोदय स्कूल जाट बडौदा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। आवेदन नवोदय स्कूल समिति की वेबसाइट पर निशुल्क किया जा सकता है। केवल सवाई माधोपुर जिले के मूल निवासी छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5 में पढने वाले छात्र ही पात्र हैं। आवेदक की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को होगी। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन पूर्णतया आवासीय स्कूल है। स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास हैं। खेल मैदान, भोजन, गणवेश और दैनिक उपयोग की सामग्री निशुल्क दी जाती है। कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास और विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं। आवेदन के लिए फोटो और आधार कार्ड जरूरी है। आवेदन पत्र पर पेरेंट्स के हस्ताक्षर और वर्तमान स्कूल से सत्यापन अनिवार्य है।

पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। बुधवार को जयपुर रोड स्थित भजनाश्रम के पास नर्सरी में पौधरोपण कार्यऋम का आयोजन किया गया। वन विभाग की सिंथोली, अमरगढ चौकी और टटवाडा नर्सरियों में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर रोड स्थित नर्सरी में रेंजर धर्मवीर सिंह और सहायक वन रक्षक अजय कुमार सत्तावन ने पीपल, बरगद और गूलर के पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। रेंजर धर्मवीर सिंह ने बताया कि पौधे न केवल धरती का श्रृंगार हैं, बल्कि जीवन का आधार भी हैं। ये ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। इस तरह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। वन विभाग की योजना के अनुसार, गंगापुर सिटी नर्सरी में 2.94 लाख, सिंथोली में 1.45 लाख, टटवाडा में 1.०5 लाख और अमरगढ नर्सरी में 1 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। कुल 6.59 लाख पौधों का लक्ष्य रखा गया है। विभाग ने अपने लिए अतिरिक्त 95 हजार पौधे तैयार किए हैं।

'लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें'

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों को अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा किबीस सूत्री कार्यक्रम के तहत आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं मेलाभान्वित किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे है। इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी कार्ययोजना बनाकर सक्रिय रहते हुए कार्य करें तथा प्राथमिकता देकर विभिन्न सूत्रों मेंशत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करें। उन्होंने राजीविका के अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये साथ ही सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में महिला एवं बाल विकास, जिला परिषद, पीडब्लूडी, शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य विभागों को आवंटित लक्ष्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिये।

जिले का नाम रोशन किया

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिले की प्रतिभाशाली छात्रा दिवी ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान प्रांत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले और समुदाय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता अपनों के साथ में हर खुशी का एहसास विषय पर केंद्रित थी, जिसकी पुरस्कार वितरण समारोह 29 जून को राधा-कृष्ण केंद्रीय पुस्तकालय, जयपुर में आयोजित किया गया। दिवी वर्तमान में बृज यूनिवर्सिटी के अंतर्गत एम.एस.जे. कॉलेज से बी.ए. फाइनल ईयर की छात्रा हैं। उनका सपना अंग्रेजी में एम.ए. कर प्रोफेसर बनने का है।

गोशाला में गायों को खिलाया हरा चारा

गंगापुर सिटी, (निसं)। भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का जन्मदिन विशेष तरीके से मनाया गया। भाजपा शहर मंडल की ओर से दशहरा मैदान स्थित श्रीगोपाल गोशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाया गया। भोमिया जी के बाग में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत कदंब का वृक्ष लगाया गया।

नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने लोगों से जीवन के विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने का आव्हान किया। उन्होंने पक्षियों और गोमाताओं को दाना-पानी देकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।कार्यऋम में पूर्व जिला महामंत्री जमनालाल वैष्णव और शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव के नेतृत्व में दौलतपुर ग्राम की गोशाला में भी गौमाता को चारा खिलाया। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने राठौर और गुर्जर के दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में रामभरोशी वैष्णव, हरकेश गुर्जर,महेंद्र मीणा समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने जन्मदिन पर आज श्री गिरिराज महाराज जी के दर्शन कर, जिला सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र वासियों की खुशहाली, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

■ भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिवस पर किया वृक्षारोपण

भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के जन्मदिन पर गायों को हरा चारा खिलाते कार्यकर्ता।

सरकारी भूमि पर लोग खुले आम कर रहे कब्जा

करौली, (निसं)। नगर परिषद की जमीनों पर ही नहीं सिवायचक यानि सरकार की भूमि के अलावा गोचर भूमि सहित मंदिर माफी की भूमियों पर कब्जा कर भोले भाले लोगों को महंगे दामों में बेचने का भूमाफियाओ का गोरखधंधा जोरो पर चलने कि लोगों में आम चर्चा है मगर कार्रवाई करने के नाम पर प्रशासन और नगर परिषद चुप्पी साधे हुए है। नगर परिषद क्षेत्र में परिषद और सरकार की बेस कीमती भूमिया खाली पड़ी हुई है जिन भूमियों की ओर नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन का ध्यान क्यों नहीं है जिन भूमियों पर भूमाफियाओं के द्वारा कब्जे करने की लोगों के द्वारा खूब शिकायत की जाती है उसके उपरांत भी नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन का ध्यान सरकार की उन खाली पड़ी भूमियों की ओर क्यों नहीं जा रहा है जिन पर भूमाफिया कब्जा कर भोले वाले लोगों को स्टाम्पो पर महेंगे दामों में बेच रहे हैं। गंभीर बात तो यह है कि जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अलावा नगर परिषद प्रशासन के आला अधिकारी बैठे होने के उपरांत भी सरकारी भूमियों और मंदिर माफी की भूमियों पर भूमाफियाओं का कब्जा करने काकारोबार चलना प्रशासन की कार्यशैली पर मिली भगत के प्रश्न चिन्ह लगने की लोगों में आम चर्चा शहर में सुनी जा रही है।

संभागीय आयुक्त सोनी ने शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

गंगापुर सिटी, (निसं)। भरतपुर संभाग की संभागीय आयुक्त टीना सोनी ने बुधवार को गंगापुर सिटी क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत फुलवाडा, वजीरपुर, मैडी और गंगापुर सिटी के उदेई कलां में आयोजितं कैंपों का निरीक्षण किया।

दोपहर बाद वजीरपुर उपखंड के विभिन्न कैंपों का दौरा करने के बाद शाम 5 बजे वे उदेई कलां पहुंचीं। कैंप में एडीएम रामकिशोर मीणा, एसडीएम बृजेन्द्र मीणा, तहसीलदार बृजेश सिहरा और विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर मौजूद थे। संभागीय आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैंक प्रतिनिधियों को जन-धन खाता जैसी योजनाओं के लिए शिविर में मौजूद रहने को कहा। कैंप में बिजली, पानी, सडक और चिकित्सा से जुडे करीब 4० मामले सामने आए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। एडीएम रामकिशोर मीणा ने बताया कि अधिकारियों को पूर्व तैयारी के साथ शिविर में आने के निर्देश दिए गए हैं। संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। इनमें नामातंरण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे, स्वामित्व पट्टे बांटना, सडकों की मरम्मत, विद्युत पोल सही करना, झूलते तारों को खिंचवाना, पानी की टंकियों की साफ-सफाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) के लंबित प्रकरणों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित यूडीआईडी कार्ड जारी करने और एनएफएसए की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड वितरण एवं टीबी मुक्त स्क्रीनिंग में अधिकाधिक लोगों को जोडने की बात कही।

पशुपालन विभाग को मानसून को देखते हुए पशुओं के टीकाकरण करने के लिए फील्ड में टीम भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

■ भरतपुर संभागीय आयुक्त टीना सोनी रही गंगापुर सिटी दौरे पर

गंगापुर सिटी में लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपती संभागीय आयुक्त टीना सोनी।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली एवं संयोजक जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण करौली

क्रमांक-CEA/2025/09 दिनांक:2-7-2025

प्रारूप 4 (नियम 6 देखिये)

सूचना

आक्षेप फाइल करने के लिये रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन

मैं डॉ. जयंतीलाल मीना नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुये धारा 24 के अधीन 1 जुलाई 2025 माह की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के पश्चात् नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम 2013 के उपबन्धों के समाधान के लिये करौली जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापनों की सूची इसके द्वारा प्रकाशित करता हूं।

क्रम.सं.	नैदानिक स्थापना का नाम व पता	औषध की पद्धति/श्रेणी	प्रवर्ग/अनुपालन किये गये
1	बजाज डायग्नोस्टिक लैबोरेट्री एंड एक्स-रे सेंटर, नये अस्पताल के पास मोहन नगर हिण्डौन सिटी	बेसिक	रोगी विज्ञान प्रयोगशाला हेतु अधिसूचित न्यनतम मानक
2	रिलायबल डायग्नोस्टिक सेंटर अस्पताल के सामने मोहन नगर हिण्डौन सिटी		

उपर्युक्त सूची के सम्बध में आक्षेप यदि कोई हो अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा अपेक्षित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख के 30 दिन के भीतर लिखित में दो प्रतियों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में ई-मेल आईडी cmbo-kar-rj@nic-in पर सूचित करें।

दिनांक: 2-7-2025

(डॉ. जयंतीलाल मीना)
संयोजक
जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली